सार-समाचार

पालिका की बैठक नहीं, विकास को तरसे लोग

दूदू । नगर निकाय चुनाव के बाद नवनिर्वाचित नगर पालिका दूदू के कार्यकारिणी की बैठक करीब डेढ़ माह पूर्ण हो जाने के बाद नहीं हो पाने के कारण विकास कार्यों को गति नहीं मिल पा रही है। दूदू नगर पालिका में कांग्रेस पार्टी द्वारा दो पार्षदों को अपने समर्थन में लेकर कांग्रेस का बोर्ड बना लिया था तथा अध्यक्ष पद पर गरिमा कंवर उपाध्यक्ष पद पर आरिफ शेख को पदभार ठाहण 22 सितंबर को करवा दिया गया था पश्चात 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित निर्वाचित पार्षदों के कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका दिशा से अधिकारी एवं उपाध्यक्ष आरिफ शेख के बीच कार्यक्रम के पूर्व ही वहां आए ग्रामीण जनों की उपस्थिति को लेकर तीखी नोक झोक हो गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष गरीब कंवर कांठोस पार्टी के पार्षद भी मौजूद थे कार्यक्रम स्थल से अधिकारी नोंक-झोंक के साथ ही उठकर चेंबर में चली गई वहीं सभी पार्षद गांधी जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर बिना चाय पिए ही उठकर चले गए उसके बाद आज तक नगर पालिका बोर्ड की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई जो आम चर्चा का विषय बना हुआ है क्या नगर पालिका बोर्ड गठित हो गया फिर बैठकर क्यों नहीं हो पा रही है भाजपा के पार्षद अवधेश शर्मा द्वारा बैठक नहीं बुलाने एवं दीपावली के अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र में रोड लाइट लगाने के सामान की खरीद में प्रशासन द्वारा अनियमितताएं बरती जाने का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों का अवगत कराया की बिना टेंडर प्रक्रिया के घटिया सामग्रीय खरीद की गई है वही अधिशासी अधिकारी सोलंकी ने बताया कि सभी कार्य नियम अनुसार किये जा रहे हैं कोई अनियमितता नहीं बरती गई है।

बोनस का भुगतान दीपावली से पूर्व ही करवाया जाए

टोंक। जिले के समस्त नियोजकों, प्रबन्धकों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, वाणिज्यिक संस्थानों और आउटसोंसिंग व ठेका एजेंसियों को सूचित कर अपील की जाती है कि दीपावली का पावन त्योहार निकट आ रहा है। श्रमिको एवं कर्मचारियों की मेहनत के फलस्वरूप ही व्यवसायिक और औद्योगिक संस्थानों की प्रगति संभव होती है। अतिरिक्त श्रम आयुक्त एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर के निर्देषानुसार, प्रत्येक संस्थान को वित्तीय वर्ष के 8 माह की समाप्ति के भीतर देय बोनस का भुगतान किया जाना अनिवार्य है। इसलिए समस्त नियोजकों, प्रबंधकों, औद्योगिक संस्थानों, प्रतिष्ठानों, दुकानों, वाणिज्यिक संस्थानों और आउटसोर्सिंग ठेका एजेंसियों को सुचित करते हुए अपील की जाती है कि नियमानुसार बोनस का भुगतान दीपावली से पूर्व ही करवाया जावें ताकि श्रमिक वर्ग इस त्योहार को हर्षोल्लास से मना सके।

संभागीय आयुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

टोंक। पंचायती राज आम चुनाव के तृतीय चरण के अंतर्गत पंच व सरपंच पदों के लिए गुरुवार को हुए मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से सभागीय आयुक्त अजमेर शक्ति सिंह राठौड एवं पुलिस महानिरीक्षक डॉ. रवि ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पंचायत समिति पचेवर की ग्राम पंचायत पारली, पचेवर व गनवर, पंचायत समिति मालपुरा की ग्राम पंचायत चांदसेन, धौली व लावा तथा पंचायत समिति पीपलू की ग्राम पंचायत झिराना में स्थापित मतदान केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की सार्थक अपील भी की तथा विभिन्न मतदान केंद्रो का निरीक्षण कर मतदाताओं को मतदान केंद्र पर उपलब्ध बिजली, पानी, स्वच्छता, सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

केंद्रीय वन मंत्री का अलवर दौरा 6 को

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव 6 नवंबर को अलवर शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। केंद्रीय वन मंत्री यादव प्रातः 11:15 बजे एमआई में मत्स्य उद्योग संघ के ऑडिटोरियम एवं दोपहर 12 बजे आयकर कॉलोनी मोती डूंगरी में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर का उद्घाटन करेंगे। इसी प्रकार सांय 4:30 बजे मूसी महारानी छतरी पर वर्ष 2027 में 7 फरवरी को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की अलवर टाइगर मैराथन के प्रीकर्सर इवेंट में सम्मिलित होंगे, जिसमें की मैराथन की रूपरेखा रखी जाएगी। इसके पश्चात सांय 6 बजे होप सर्कस पर लाइट एण्ड साउंड शो की लॉन्चिंग व भजन संध्या कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तथा सांय 6:40 बजे कम्पनी बाग के शिमला में 11 हजार दीपकों के प्रज्जवलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

एक ट्रैक्टर व दो ट्रॉली जब्त

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में थानाधिकारी बनेठा के नेतृत्व मे गठित विशेष टीम द्वारा अवैध बजरी खनन व परिहवन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गत 4 नवम्बर की रात्रि को गश्त के दौरान अवैध खनन व परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर मय ट्रोली व एक ट्रोली को जब्त किया गया। इस कार्यवाही में पुलिस ने चालक व मालिक के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

पावटा में श्रीमद्भागवत कथा 14 से

पावटा। कस्बे के बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर की पावन धरा पर 14 नवंबर से 22 नवंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं आयोजक समिति की ओर से तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों के बाहर भीड़ एकत्रित नहीं होने दी



भरतपुर जिला कलैक्टर मतदान केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

- मतदान व्यवस्थाओं का लिया जायजा, मतदान दलों एवं पुलिस जवानों का बढ़ाया उत्साह
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया

भरतपुर(निसं)। पंचायत आम चुनाव के तहत सरपंच एवं वार्डपंचों के निर्वाचन के लिए मतदान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी एवं जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने गुरूवार को जिले के भुसावर, वैर, नदबई और बयाना विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा मतदान कार्मिकों को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के व्यवस्थित प्रवेश एवं मतदान की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने तथा वैध पहचान दस्तावेजों की जांच के बाद ही मतदाताओं को प्रवेश देने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित नहीं होने देने के लिए भी निर्देशित किया।

पालिका अध्यक्ष कजोड़ी देवी ने सफाई कार्यों का निरीक्षण किया

देवली। देवली शहर की नगर पालिका के नवीन बोर्ड ने शहर के विकास को पहली प्राथमिकता देते हुए भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना शुरू कर दिया है। नवीन बोर्ड की पालिका अध्यक्ष कजोड़ी देवी. बैरवा और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अमरचंद गुर्जर सहित नवनिर्वाचित पालिका सदस्यों ने नगर पालिका क्षेत्र में विकास कराने की मुहिम शुरू कर दी है। शहर में शुरू हुए विकास के इस क्रम में नगर पालिका प्रशासन ने पहली बार दीपावली के त्यौहार पर शहर को रोशनी से गुलजार कर दिया है। गौरतलब है की पूर्व नगर पालिका बोर्ड के बीते 5 वर्षों तक देवली शहर त्योहारो पर होने वाले सौंदर्य करण के लिए तरसता रहा।

लेकिन इस बार पालिका बोर्ड के अध्यक्ष कजोड़ी देवी बैरवा और अधिशासी अधिकारी अमरचंद गुर्जर ने दीपावली के त्यौहार को मध्य नजर रखते हुए शहर को रंग बिरंगी रोशनी से चकाचौंद करवा दिया है। इस मर्तबा दीपावली पर देवली शहर की तस्वीर कुछ बदली-बदली सी नजर आना शुरू हो गई है।और पालिका बोर्ड की बदौलत रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते बाजार,देखने को मिल रहे हैं। तो वही आकर्षक साज-सज्जा से सजे चौराहे और स्वच्छता की नई मिसाल पेश होना शुरू हो गई है।

बीते 5 वर्षों के बाद देवली नगर पालिका प्रशासन इस दीपावली पर्व को यादगार बनाने के लिए नगर और नगर वासी उत्साहित दिखाई दे रहे है।

सार-समाचार

सांभर में राम भक्तों ने भजनों से शिव महिमा का गुणगान किया

सांभरझील, (निसं)। अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र भगवान श्रीराम की महिमा और उनके प्रति गहरी आस्था आज इस घोर कलियुग में भी कायम है। इसकी वजह राम नाम के दो अक्षरों में समाहित वह चैतन्य ऊर्जा है, जो भक्ति भाव में डूबे लोगों को भवसागर से पार लगाने का मार्ग प्रशस्त करती है। भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी भगवान राम की महिमा तेजी से फैल रही है। भक्ति मार्ग के जरिए परमात्मा तक पहुंचने की साधना में जुटे श्रद्धालुओं का सिलसिला सांभर में कई वर्षों से प्रभात फेरी के माध्यम से अनवरत जारी है। भगवान शिव आदि और अनंत हैं। राम और शिव दोनों की भक्ति का अपना विशेष महत्व है। इसी भक्ति भाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्रद्धालु नियमित रूप से प्रभात फेरी निकालते हैं और भजनों के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान करते हैं।

क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

टोंक। सआदत पवेलियन में आयोजित राइजिंग कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति मयंक गोयल उपस्थित रहे। इस अवसर पर कोच इम्तियाज अली, मंसूर अली खान और मोहसिन रशीद टोंक सहित अन्य खेलप्रेमी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता में जयपुर, जोधपुर, सीकर, भरतपुर, दौसा सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया।

सोशल मीडिया पर भ्रामक समाचारों पर ध्यान नहीं दें''

दूदू । पुलिस थाना दूदू परिसर में दीपावली के त्योहार पर शांतिपूर्ण व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान व्यापार मंडल द्वारा बाजार में सुरक्षा उपाय के लिए लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति पर चर्चा की वहीं थाना निरीक्षक संजय मीणा ने सदस्य एवं व्यापार मंडल के सदस्यों से कहा कि सोशल मीडिया पर जारी भ्रामक समाचारों पर ध्यान नहीं दें।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :-4636 दिनांक :- 05/1/26
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना मे आवास संख्या 263/145 (EWS), (एरिया 57.785 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री घनश्याम पुरूस्वानी पुत्र श्री चन्द कुमार पुरूस्वानी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4735 दिनांक 30.11.2004 को जारी किया गया। श्री घनश्याम पुरूस्वानी के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 08.10.2009 को उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर के यहां पंजी कृत करवाये गये। श्री घनश्याम पुरूस्वानी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 10.10.2011 के द्वारा श्री मयंक गोयल पुत्र श्री महेश चन्द गोयल को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री मयंक गोयल द्वारा श्री मुकेश कुमार सेठी पुत्र श्री कपूर चन्द जैन को दिनांक 08.04.2013 को मुख्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री मुकेश कुमार सेठी द्वारा मुख्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 19.09.2014 के द्वारा श्री सचिन गुप्ता पुत्र श्री सुभाष चन्द गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्री सचिन गुप्ता द्वारा उक्त आवास को दिनांक 29.05.2026 के द्वारा श्री पुनीत मित्तल पुत्र श्री त्रिलोक नाथ को विक्रय कर उप पंजीयक द्वादश, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्री पुनीत मित्तल पुत्र श्री त्रिलोक नाथ द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास मे अपना नाम मण्डल रिकार्ड मे दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री पुनीत मित्तल पुत्र श्री त्रिलोक नाथ का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

नाम परिवर्तन

मै SUNEETA DEVI पत्नी श्री NO. JC NYA, रैंक NB SUB, नाम-BHOOP SINGH RAJPUT, निवासी खेड़ा, तहसील- बानसूर, जिला- अलवर, राज्य- राजस्थान, पिन 301402, मै ने अपना नाम SUNEETA से बदलकर SUNEETA DEVI और जन्मतिथि 01-12-1985 से 01-12-1984 कर लिया है। शपथ पत्र दिनांक 03.11.2026, नोटेरी बानसूर, अलवर (राजस्थान)

मै ANKITA SHEKHAWAT, DAUGHTER OF NO. JC NYA, Nb Subedar-BHOOP SINGH RAJPUT, निवासी-KHERA, तहसील बानसूर, जिला-अलवर, राज्य-राजस्थान, पिन 301402, मैने अपना नाम ANKITA से बदलकर ANKITA SHEKHAWAT कर लिया है। शपथ पत्र दिनांक 03-11.2026, नोटेरी Bansur, ALWAR, RAJASTHAN

मै, HARESH TOLANI, पुत्र श्री ISHWAR LAL TOLANI, निवासी 304, अल्लाह रखा बिल्डिंग, अजमेर, हाल निवासी 4 बी, रॉयल ट्रेडर्स, कमानी रोड, झोटवाड़ा, जयपुर, घोषणा करता हूँ कि मैने अपना नाम HARESH TOLANI से बदलकर HARISH TOLANI कर लिया है। भविष्य में मुझे HARISH TOLANI के नाम से जाना / पहचाना जाए।

I have Changed my name from Abdul Aziz to Aziz Khan s/o Dayam Khan For all future purpose. Address 627, Baandri ka nasik, Moti katla bazar, Subhash Chowk, Jaipur

राजस्थान सरकार शिक्षा विभाग
कार्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय-काचरोदा (सांभरलेक) जयपुर
क्रमांक-311 दिनांक-05.11.2026
नीलामी विज्ञप्ति
उच्च सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि स्थानीय विद्यालय राजकीय माध्यमिक विद्यालय, काचरोदा में कम्प्यूटर लैब के अनुपयोगी सामग्री जैस-सीपीयू, मोनिटर, की-बोर्ड आदि अन्य सामग्री की नीलामी दिनांक 19.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे विद्यालय परिसर में खुली बोली द्वारा की जायेगी। अतः इच्छुक जीएसटी रजिस्टर्ड खरीदार धरोहर राशि 2 प्रतिशत जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते है। सामान एवं अन्य शर्तों का अवलोकन कार्यालय समय में विद्यालय में उपस्थित होकर किया जा सकता है।
प्रधानाचार्य रा.उ.मा.वि. काचरादा (जयपुर)

कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर
क्र: एफ-56()सि.ला.जो./ननिज/2026/2387 दि: 28.10.2026
अनापत्ति आमंत्रण सूचना
भूखण्ड संख्या ई-8, शास्त्री नगर नाहरी का नाका बनीपार्क विस्तार जयपुर का कार्यालय इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट जयपुर द्वारा दिनांक 10.05.1966 को श्री विनोद कुमार मित्तल पुत्र श्री सूरज भान मित्तल को लाईसेन्स डीड जारी की गई। तत्पश्चात दिनांक 19.01.2007 को जरिये पंजीकृत उपहार पत्र द्वारा श्री विनोद कुमार मित्तल पुत्र श्री सूरज भान मित्तल ने श्री नरेश कुमार मित्तल पुत्र स्व. श्री सूरज भान मित्तल को भू.स. ई-8 कुल क्षेत्रफल 416.66 वर्गगज में से भू.स. ई-8 पूर्वी दक्षिणी भाग क्षेत्रफल 127.50 वर्गमीटर उपहार की गई। तत्पश्चात दिनांक 19.01.2007 को जरिये पंजीकृत उपहार पत्र द्वारा श्री विनोद कुमार मित्तल पुत्र श्री सूरज भान मित्तल ने श्रीमती पार्वती देवी पत्नी स्व. श्री सूरज भान मित्तल को भू.स. ई-8 कुल क्षेत्रफल 416.66 वर्गगज में से भू.स. ई-8 उत्तरी पूर्वी भाग क्षेत्रफल 93.37 वर्गमीटर उपहार की गई। तत्पश्चात दिनांक 26.02.2010 को श्रीमती पार्वती देवी पत्नी स्व. श्री सूरज भान मित्तल द्वारा श्री नरेश कुमार मित्तल पुत्र स्व. श्री सूरज भान मित्तल भू.स. ई-8 में से दक्षिणी पूर्वी भाग क्षेत्रफल 29.26 वर्गमीटर की पंजीकृत वसीयत की गई। तत्पश्चात दिनांक 02.04.2016 को श्री विनोद कुमार मित्तल का देहान्त हो गया। तत्पश्चात दिनांक 23.02.2020 को श्रीमती पार्वती देवी का देहान्त हो गया। पंजीकृत उपहार पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत के आधार पर श्री नरेश कुमार मित्तल पुत्र स्व. श्री सूरज भान मित्तल को भू.स. ई-8 का दक्षिणी पूर्वी भाग का उपविभाजन पत्र जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को उक्त के संबंध में आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सात दिवस में आपत्ति पेश करें अन्यथा सात दिवस पश्चात् उक्त भूखण्ड में नियमानुसार उपविभाजन जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त, सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर

दीपावली से पहले पावटा के मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

- उपाध्यक्ष सोमवती ने एसडीएम को लिखा पत्र
- अवैध रेहड़ियों और बेतरतीब पार्किंग से लगता है दिनभर जाम
- पालिका-पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई करने की मांग

पावटा। दीपावली के त्योहार को देखते हुए पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में बाजार की यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठने लगी है। नगरपालिका उपाध्यक्ष सोमवती ने बुधवार को उपखंड अधिकारी पावटा बृजेश कुमार को पत्र लिखकर अवैध पार्किंग से हुए अतिक्रमण हटाने तथा सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

उन्होंने इस संबंध में नगरपालिका प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई करवाने की आवश्यकता जताई है। उपाध्यक्ष सोमवती मीणा ने पत्र में बताया कि दीपावली के दौरान मुख्य बाजार व सर्विस रोड पर हजारों लोगों की आवाजाही रहती है, लेकिन जगह-जगह अव्यवस्थित पार्किंग के कारण अतिक्रमण से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। उन्होंने बताया कि सुभाष चौक, होली चौक, पीएनबी बैंक के पास और पुराने रोड, सर्विस रोड पर ई-रिक्शा एवं चौपहिया व दोपहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के चलते दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। पत्र के माध्यम से उपखंड अधिकारी से मांग की गई है कि नगरपालिका और प्रागपुरा पुलिस थाने की संयुक्त टीम गठित कर अवैध पार्किंग से हुए अतिक्रमण हटवाए जाएं तथा बाजार में आने वाले वाहनों को लाखुडी स्थित निर्धारित पार्किंग स्थल पर खडा करवाया जाए। इसके अलावा त्योहारों पर मुख्य बाजार, छोटे अंडरपास, बड़ी पुलिया और पुराने रोड पर पुलिस एवं यातायात कर्मियों की तैनाती व बडे वाहनों की नो एंट्री कर नो-पार्किंग में खड़े वाहनों तथा नियम विरुद्ध पार्किंग करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ नियमित चालानी कार्रवाई करने की मांग की गई है। उपाध्यक्ष सोमवती मीणा ने कहा कि त्योहारी सीजन में बाजार में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए समय रहते ठोस कदम उठाना जरूरी है। नगरपालिका और पुलिस प्रशासन के आपसी समन्वय से ही अतिक्रमण मुक्त बाजार और सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है।

अलवर जेल में गूंजे मुनि सौम्य सागर के प्रवचन

अलवर। दिगम्बर जैन संत मुनि सौम्य सागर महाराज ने कहा कि जीवन में गुस्से पर थोडा सा काबू पा लिया जाए तो कई अपराध होने से बच सकते हैं। व्यक्ति को अपने जीवन में अनुशासन और संयम अपनाना चाहिए। जिस कारण जेल आए हैं, उसके प्रति मन में बदले की भावना नहीं रखनी चाहिए। जेल से बाहर निकलने के बाद किसी से बदला लेने के बजाय स्वयं को बदलने का संकल्प लेकर जाना चाहिए।

मुनि सौम्य सागर महाराज गुरुवार को अलवर केंद्रीय कारागृह में बंदियों के बीच मंगल प्रवचन कर रहे थे। राजस्थान की किसी जेल में उनका यह पहला प्रवचन था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अलवर की जेल में जो भी बंदी बनकर आता है, वह बंदा बनकर निकलता है। यहां उन्हें हर बंदी खुदा का बंदा दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि संसार भी एक जेल के समान है।

मंत्री ने जुट के थैलों का वितरण किया

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज एयू स्मॉल बैंक द्वारा संचालित से नो टू प्लास्टिक अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आमजन को जुट के थैलों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने अभियान के अंतर्गत आयोजित वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति का संवर्धन हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग से ना केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि जीव-जन्तुओं का जीवन भी संकट में पड जाता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु सरकार द्वारा प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। उन्होंने आमजन से अपने दैनिक कार्यों में प्लास्टिक से बने थैलों का उपयोग ना करके जूट से बने थैलों का उपयोग करने की अपील की। इधर नो पीयूसीसी नो फ्यूल के संबंध में आज जिला रसद अधिकारी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पीयूसीसी प्रमाण पत्रा की अनिवार्यता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिला रसद अधिकारी महेश शर्मा ने सभी कंपनियों के सेल्स ऑफिसर्स को निर्देशित किया कि एनसीआर में वायु प्रदूषण प्रबंधन के संबंध में निर्धारित कॉलमों में पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट की मैन्यूली जांच, नो पीयूसी नो फ्यूल के बैनर का प्रदर्शन एवं एएनपीआर सिस्टम वाले पेट्रोल पम्पों की संख्या तथा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किए गए पेट्रोल पम्पों की संख्या की रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पम्पों पर सीएक्यूएम के निर्देशों की अनुपालना एवं पीयूसी उपकरण स्थापित कराने में आने वाली समस्याओं के संबंध में पेट्रोल पम्पों के एसोसिएशन के साथ बैठक कर समाधान किया जाएगा।

तीन साल बाद बुआ से मिला भतीजा

भरतपुर (निसं)। दीपावली के पावन पर्व से पहले अपना घर आश्रम, भरतपुर में एक भावुक कर देने वाला पुनर्मिलन देखने को मिला। यहां तीन वर्षों से बिछडी बुआ शान्तिदेवी अपने भतीजे नरेन्द्र से मिलीं। वर्षों बाद अपनों को सामने देखकर बुआ और भतीजे की आंखें खुशी के आंसुओं से भर उठीं। अब शान्तिदेवी अपने परिवार के साथ दीपावली का त्योहार मनाएंगी। यह कहानी आश्रम में निवासरत प्रभुजी शान्तिदेवी की है। पति के देहांत के बाद वे अकेले जीवनयापन कर रही थीं। अस्वस्थ होने और चलने-फिरने में असमर्थ थी।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा **खुली ई-निविदा संख्या : कैरिज-31-2026 दिनांक 03.11.2026** आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **1. कार्य का नाम एवं स्थान** : "कैरेज वर्कशॉप, NWR, अजमेर में सर्वो हाइड्रोलिक शॉक एब्जॉर्बर टेस्टिंग मशीन(M&P संख्या-195/22) की व्यापक AMC (कार्य के दायरे के अनुसार)" **2. अनुमानित लागत** : रू. 14,91,225.00/- **3. टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट** : रू. 0.00 **4. बयाना राशि** : रू. 29800.00/- **5. ई-टेंडर फार्म जमा करने का समय व तारीख** : दिनांक 25.11.2026 समय 15.00 बजे तक **6. वेबसाइट का विवरण** : www.ireps.gov.in **7. पात्रता मानदंड** : लागु नही। **नोटः** टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट एवं बयाना राशी केवल IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा किये जाने है। **1592-DE/26**
हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-टेण्डर निविदा सूचना EPC मोड के आधार पर सिंगल स्टेज टु पैकेट सिस्टम
मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, उ. प. रेलवे, जयपुर द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा का ऑन लाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता हैं। निविदाकार अपना मूल/परिवर्तित प्रस्ताव ई - निविदा बंद होने की तारीख व समय से पूर्व ऑन लाईन भर दें। **1 ई-टेण्डर नोटिस संख्या** : बोली/पैकेज नंबर EL- PROJ - PSI-JP-EPC-04 **2 कार्य का नाम व लोकेशनः** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के जयपुर डिवीजन के रेवाड़ी - रिंगस- फुलेरा सेक्शन में 2x25 KV ट्रैक्शन सिस्टम (स्कॉट कनेक्टेड ट्रांसफॉर्मर) के तहत 220/132/55 KV ट्रैक्शन सबस्टेशन, सेक्शनिंग पोस्ट (SPs) और सब सेक्शनिंग पोस्ट (SSPs)का डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग। **3 अनुमानित लागत** : रूपये 266,56,40,473.58/- **4 धरोहर राशि** : रूपये 5,33,12,800.00/- **5 कार्य पूरा होने की अवधिः** 720 दिन **6 ई-टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय** : 05.01.2027(15:00 hrs.) **7 वेबसाईट का विवरणः** www.ireps.gov.in. **नोटः** कोई भी मैन्युवल टेण्डर स्वीकार नही किया जायेगा। **1598-DE/26**
हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
निविदा सूचना
भारतसंघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), उत्तर पश्चिम रेलवे, जवाहर सर्किल, जयपुर, निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित इलैक्ट्रॉनिक प्रपत्र पर ऑन-लाईन ओपन ई-निविदा सिस्टम (टू-पैकेट सिस्टम) आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्याः** NWR-SC-HQ-JP-05-2026-2027। **कार्य का नाम एवं स्थानः** Tender for "Final Location Survey (geotechnical studies, preparation of drawings) and other preliminary activities for preparation of DPR and EPC tender documents in connection with anticipated survey work for New lines, Bypass lines, Gauge conversion, Doubling, etc. of all four divisions of North Western Railway". **निविदा का प्रकारः** ऑपन (टू-पैकेट सिस्टम)। **अनुमानित लागतः ₹40,81,55,178.90** (चालीस करोड़, एकासी लाख, पचपन हजार, एक सौ अठहत्तर रुपये और नब्बे पैसे मात्र)। **बिड सिक्योरिटी/धरोहर राशिः ₹81,63,100.00** (इक्यासी लाख, तिरसठ हजार, एक सौ रुपये मात्र)। **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 36 (छत्तिश महीन)। **निविदा की अन्तिम दिनांक व समयः** दिनांकः 15.12.2026 को 15:00 बजे। **वेबसाईट का विवरणः** www.ireps.gov.in। **नोटः कोई भी व्यक्तिगत (मैनुअल) टैण्डर स्वीकार नहीं किया जाएगा। 1602-MG/26**
हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

नम्बर मिलाइए 8890333139
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ अभियान में अवैध शराब जप्त

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना पीपलू टीम ने कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम नाथडी में जोधपुरिया बांध से आने वाली नहर के कच्चे रास्ते में खडी एक कार में अवैध रूप रखी शराब जिसमें 84 पव्वे अंग्रेजी शराब एवं 48 पव्वे देशी शराब के मिलने पर कार को जप्त कर चालक के खिलाफ एक्साईज एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्यवाही के दौरान चालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस द्वारा की तलाश जारी है।

91726 मतदाताओं में से 83666 ने डाला वोट

किशनगढ़बास। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 में पंचायत समिति किशनगढबास की ठााम पंचायतों में मतदाताओं ने लोकतंत्र के प्रति जबरदस्त जागरूकता दिखाई। कुल 32 ठााम पंचायतों में 91.21 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 91726 मतदाताओं में से 83666 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

गड्ढा खोदकर कचरे के निबटारे का विरोध

चौमूं / कालाडेरा । कालाडेरा नगर पालिका प्रशासन अपनी हठधर्मिता के कारण सरकार के नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ा रहा है। कालाडेरा नगरपालिका क्षेत्र में स्थित नदी भाव क्षेत्र में कचरा निस्तारण का काम नगरपालिका प्रशासन के आंख के निचे ठेकेदार के द्वारा जेसीबी से गड्ढे खोदकर कचरें को नदी क्षेत्र में दबाने का काम बड़े जोर सोर से किया जा रहा है। इससे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। साथ ही यह एनजीटी के नियमों के भी विरुद्ध है। स्थानीय लोगों ने कई बार विरोध भी किया है लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने इस मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं की। जब इस मामले को लेकर कालाडेरा नगर पालिका ईओ निकिता वर्मा से जानकारी चाही तो ईओ ने नगरपालिका चेयरमैन से बात करने की बात कहकर मामले से पला जाड़ लिया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व नगर पालिका चेयरमैन उर्मिला कुमावत ने अपनें निजी खर्च से नदी क्षेत्र नगर पालिका के कचरा उठाने वाले ठेकेदार के द्वारा गैरे गये में कचरें को जेसीबी की सहायता से निस्तारण करवाया था। लेकिन नगरपालिका के कचरा उठाने वाले ठेकेदार के द्वारा जेसीबी से गड्ढे खोदकर कचरें को गाडने का काम किया जा रहा। लेकिन सोचने वाली बात ये है कि ये काम किस अधिकार व जनप्रतिनिधि के सहयोग से किया जा रहा है।

80 दिन बाद तिरंगे के साए में घर लौटा अलवर का वीर सपूत



अग्निवीर समुद्रसिंह गुर्जर का पार्थिक गांव पहुंचने पर जनसैलाब उमड़ पड़ा।

- ईटाराणा सैन्य छावनी से सैन्य सम्मान के साथ निकली अंतिम यात्रा, पैतृक गांव केसरपुर में गूंजे भारत माता के जयकारे

अलवर। अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली में बादल फटने से आई भीषण बाढ़ में लापता हुए अलवर जिले के केसरपुर गांव निवासी अग्निवीर समुद्र सिंह गुर्जर का पार्थिव शरीर करीब 80 दिन बाद उनके गांव पहुंचा। गुरुवार को ईटाराणा सैन्य छावनी से सैन्य सम्मान के साथ उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। तिरंगे में लिपटे वीर सपूत के पार्थिव अवशेषों के गांव पहुंचने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ठाामीण, युवा और आसपास के गांवों के लोग श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़े। पूरे रास्ते भारत माता की जय और जय हिंद के नारे गूंजते रहे। गांव में हर आंख नम थी और हर जुबां पर देश के वीर सपूत की शहादत को नमन करने के शब्द थे। समुद्र सिंह 14 अगस्त 2026 को अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली जिले के अनिनी स्थित पशुपानी क्षेत्र में बादल फटने के बाद आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आ गए थे। इस प्राकृतिक आपदा में सेना के सात जवान प्रभावित हुए थे। इनमें से दो जवानों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि समुद्र सिंह सहित पांच जवान लापता हो गए थे। इसके बाद भारतीय सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीमों ने दुर्गम पहाडी क्षेत्र में लगातार तलाश अभियान चलाया।

कार्यालय अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास) एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना, देवली (मुख्यालय) टोंक
क्रमांकः-8289 दिनांकः-03.11.2026
लोक सूचनार्थ
भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा- 5 एवं राज्य सरकार के नियम, 16 के नियम-7 के तहत् सार्वजनिक परियोजनार्थ मोर सागर आर्टिफिशियल रिजर्वायर का निर्माण एवं बीसलपुर से मोर सागर आर्टिफिशियल रिजर्वायर तक फीडर निर्माण परियोजना निर्माण परियोजना हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण की ड्राफ्ट रिपोर्ट पर जन सुनवाई का आयोजन किया जाना है।
आवश्यक सूचना
भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा- 5 एवं राज्य सरकार के नियम, 16 के नियम-7 के प्रावधानुसार जिला टोंक की तहसील मालपुरा "मोर सागर आर्टिफिशियल रिजर्वायर का निर्माण एवं बीसलपुर से मोर सागर आर्टिफिशियल रिजर्वायर तक फीडर निर्माण परियोजना निर्माण" हेतु भूमि अधिग्रहण किया जाना है। अतः भूमि अर्जन हेतु निम्न ग्रामों के प्रभावित व्यक्ति/हितधारकों की जन सुनवाई बैठक भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना देवली एवं संबंधित उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में निम्नानुसार आयोजित की जायेगी।

क्र. सं.	तहसील	ग्राम पंचायत	ग्राम का नाम	दिनांक	समय	जनसुनवाई स्थान
1	मालपुरा	डूंगरी कलां	शेरगढ़	25.11.2026	12:00 बजे से 02:00 बजे तक	ग्राम पंचायत भवन डूंगरी कलां
2		रिंडलिया	पिमुण	25.11.2026	02:30 बजे से 04:00 बजे तक	ग्राम पंचायत भवन रिंडलिया
3			मुंडेती			
4		कांटोली	बाघपुरा	26.11.2026	12:00 बजे से 02:00 बजे तक	ग्राम पंचायत भवन कांटोली
5		देवल	बूढ़ा देवल (देवल)	26.11.2026	02:30 बजे से 04:00 बजे तक	ग्राम पंचायत भवन देवल

(भूपेन्द्र कुमार यादव आर.ए.एस.)
अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास) एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना, देवली
राज.संवाद/सी/26/13035